तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 राज्य एवं जिले के मेधावी विद्यार्थियों और खिलाड़ियों का किया ...



10 तीनों लोकार्पित आधुनिक इकाइयों में दो हजार लोगों ...



## खबर संक्षेप

### नवविवाहिता की हुई मौत कारण अज्ञात, रिपोर्ट दर्ज

**साजा।** बेलगांव में नवविवाहिता कविता वर्मा पति सुरेंद्र वर्मा कि सोमवार को मौत हो गई। मृतिका के परिजनों ने बताया कि कविता ने दो माह पूर्व बेलगांव निवासी सुरेंद्र वर्मा से प्रेम विवाह किया था आज सुबह फोन पर जानकारी मिली की कविता की तबीयत खराब है कुछ देर बाद उसकी मौत की जानकारी दी गई साजा अस्पताल में कविता को मृत घोषित किया देर शाम लाश का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सोपा गया रिपोर्ट आने के बाद मौत का खुलासा हो पाएगा।

### नशे की दवा को बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें चार तो पहले गिरफ्तार हो गए थे और एक आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 22 मई को उतई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सेलूद पाटन रोड के पास दो युवक प्रतिबंधित नशीली टैबलेट बेच रहे हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कृष्णा यादव, अजय यादव, मनोज डोंगरे, गोवर्धन लाल सिंह को नशीली टैबलेट व कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में टिकरापारा रायपुर निवासी नेतराम साहू फरार हो गया था। नेतराम एमआर फील्ड में सेल्स का काम करता है। इसी की आड़ में वो मेडिकल दुकान में प्रतिबंधित नशीली टैबलेट अल्प्राजोलम, कैप्सूल ट्रामाडोल को ऑर्डर पर बेचने के लिए जाता था और फिर आरोपियों को सप्लाई कर देता था। पुलिस ने नेतराम के कब्जे से मोबाइल, आधार कार्ड, बिजनेस कार्ड, नगदी 2 हजार जब्त किया। उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### सूने मकान से 2.70 लाख की चोरी

**भिलाई।** घर में ताला लगाकार परिवार सहित शादी में गए जैन भोजनालय के संचालक बसंत कुमार जैन के घर में लाखों की चोरी हो गई। पुलगांव पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि रसमड़ा स्थित जैन भोजनालय संचालक बसंत जैन परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में शामिल होने नागपुर गए थे। मकान की चाबी को उन्होंने अपने मैनेजर धर्मेन्द्र वर्मा को दिया था। 27 जून को मैनेजर ने उन्हें फोन करके बताया कि उसकी तबीयत खराब हो गई है और वो जा रहा है। इसके बाद बसंत ने बताया कि वो नागपुर से वापस होन रहे हैं। उन्होंने धर्मेन्द्र को राजनांदगांव बुलाया और मकान की चाबी नौकरानी सुनीता को देकर शाम को राजनांदगांव लौट गया। सुनीता ने बताया कि उसने मकान जाकर काम किया और चाबी गमले के पीछे रखकर चली गई। बसंत जैन जब रात को अपने घर लौटे तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। चोरी गए जेवरात की कीमत 2.70 लाख रुपए आंकी गई है।

### गैंग बनाकर चोरी करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई के स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में गैंग बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवक और एक नाबालिग लड़के को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सुधीर कुमार अग्रवाल का दुर्गा नगर कोहका स्थित आनंद पूरम फेस 1 में मकान है। वहां कुछ अज्ञात लोगों ने ताला तोड़कर चोरी किया था। चोरों ने वहां से 8 पंखा, 35 नल की टोंटी, 55 चिटकनी, दो बंडल वायर आदि चोरी किया था। चोरी गए सामान की कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई थी। स्मृति नगर पुलिस ने मामले में जांच करते हुए त्रिनयन ऐप के माध्यम से खोजबीन की। इसी दौरान उन्हें सीसी कैमरे के फुटेज में तीन संदेही दिखाई दिए।

# नाकामियों को छुपाने निजी कृषि व्यापार को बदनाम करने की साजिश : कृषि व्यापारी संघ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला कृषि व्यापारी संघ बेमेतरा की वार्षिक बैठक रविवार शहर के निजी होटल में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलेभर से कृषि व्यापारी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ इनपुट डीलर एसोसिएशन की ओर से अशोक असरानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में कृषि व्यापार में आ रही समस्याओं, रासायनिक खाद की कमी, और निजी व्यापारियों पर लग रहे आरोपों को लेकर गंभीर मंथन हुआ। व्यापारियों ने स्पष्ट कहा कि देशभर में डीएपी उर्वरक की कमी है, जिसे खुद राज्य के कृषि मंत्री भी सार्वजनिक रूप से स्वीकार चुके हैं। ऐसे में व्यापारियों पर दोषारोपण करना उचित नहीं। व्यापारियों ने कहा कि वे केवल खुदरा व्यापार करते हैं, जबकि उर्वरक की आपूर्ति की मूल जिम्मेदारी निर्माता कंपनियों और मार्कफेड की है। उल्लेखनीय है कि 80-90% उर्वरक सेवा सहकारी समितियों को मार्कफेड के माध्यम से दिया जाता है, जबकि निजी व्यापारियों को मात्र 10% ही मिलता है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि व्यापारी संगठन आने वाले दिनों में पहले डीडीए बेमेतरा और फिर राज्य के कृषि मंत्री से भेंट कर ज्ञापन सौंपेंगे। व्यापारी चाहते हैं कि सरकार कृषि व्यापार से जुड़े दस्तावेजी कार्यों को आसान बनाए और पीसी ऑनलाइन जैसी जटिलताओं को कम किया जाए। व्यापारियों ने मीडिया से भी अपील की कि एकतरफा खबरें प्रकाशित न की जाएं, और उनका पक्ष भी सामने लाया जाए।

### सरकार कृषि व्यापार की कागजी प्रक्रिया को सरल बनाए



#### ये रहे मौजूद

बैठक में संघ अध्यक्ष सिद्दीक खान, मीडिया प्रभारी समीर टिकरिहा, संरक्षक ओमप्रकाश राठी, हर्षद जैन, संतोष माहेश्वरी, उपाध्यक्ष अश्वनी बंजारा, सचिव अर्पित गुप्ता, हुलास देवांगन, सोनू मेमन, सुमित केडिया, शिवा चंद्रवंशी, राजेश राठी, मिथिलेश साहू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## लापरवाही : झुके पोल और लटकते तार, नांदघाट में बिजली व्यवस्था बदहाल

# मुख्य मार्ग पर ट्रांसफॉर्मर के ओपन स्विच से जानोमाल के खतरे पर विभाग की चुप्पी

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नवागढ़/नांदघाट

ग्राम नांदघाट में बिजली विभाग की घोर लापरवाही से जनजीवन खतरे में है। बाजार और शासकीय कॉलेज तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगा ट्रांसफॉर्मर खुला पड़ा है। उसका स्विच बोर्ड न केवल खुला है, बल्कि पूरी तरह झुक गया है, जिससे विद्युत उपकरण व नंगे तार सरेआम दिखाई दे रहे हैं।

- हर दिन मौत के साये में जी रहे ग्रामीण पर जिम्मेदार नहीं उठा रहे कदम

ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं, ग्रामीण, दुकानदार और बुजुर्ग आवाजाही करते हैं। नीचे झुका स्विच बोर्ड बच्चों के लिए और भी खतरनाक बन गया है। वहीं उसके पास ही घनी झाड़ियों का होना खतरे को और बढ़ाता है, जहां मवेशी या छोटे बच्चे खेलते रहते हैं।

### बार-बार शिकायत पर भी नहीं जागा रहा विभाग

कृष्णा ठाकुर, नांदघाट निवासी, ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर का स्विच महीनों से खुला है। कई बार शिकायत की, लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी झांकने तक नहीं आए। बच्चे वहां खेलते रहते हैं, मवेशी गुजरते हैं। अगर कोई जान चली गई, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? ग्रामवासियों ने बिजली विभाग की इस उदासीनता को "जानलेवा लापरवाही" बताया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे मुख्य सड़क पर चक्का जाम करेंगे।



### प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में

जहां एक ओर बिजली विभाग खामोश है, वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी ग्रामीणों को खल रही है। न तो सरपंच, न जनपद सदस्य और न ही क्षेत्रीय विधायक ने अब तक कोई संज्ञान लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय गांव-गांव घूमने वाले नेता अब जवाब देने से कतरा रहे हैं। उन्हें अब लग रहा है कि जब तक कोई अनहोनी न हो, तब तक न अधिकारी जागते हैं और न नेता।

### पूरे क्षेत्र में बिजली की बदहाल स्थिति

न केवल ट्रांसफॉर्मर, बल्कि पूरे नांदघाट क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। कई जगह पुराने लकड़ी और लोहे के पोल आज भी उपयोग में हैं। खंभे या तो झुके हुए हैं या जंग खा चुके हैं। कई स्थानों पर बिजली के तार इतने नीचे लटके हुए हैं कि हाथ भर ऊंचाई पर ही नजर आते हैं। बरसात शुरू होने के साथ ही यह स्थिति और भयावह हो गई है। कहीं जलभराव है तो कहीं पोल की नींव मिट चुकी है। विभाग की अनदेखी के चलते ग्रामीण हर दिन बिजली से जुड़ी दुर्घटना की आशंका में जी रहे हैं।

# खाद-बीज की किल्लत पर कांग्रेस ने सोसायटी कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिलने से नाराज़ शहर कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को बेमेतरा सेवा सहकारी समिति कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और किसान शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान सरकार विरोधी नारे लगाते हुए समिति कार्यालय का घेराव किया गया।

- सरकार के खिलाफ की जमकर नारे बाजी

इस मौके पर सुमन गोस्वामी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसान विरोधी है। किसानों को खाद और बीज समय पर उपलब्ध नहीं हो रहा है, जिससे वे ऊंचे दामों पर बाज़ार से खरीदने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समिति द्वारा कम फास्फेट वाली डीएपी और एनपीके खाद का वितरण किया जा रहा है, जिसकी गुणवत्ता घटिया है और कीमत अधिक। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है और फसल उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है।प्रदर्शन को जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू, मनोज शर्मा, बहल वर्मा, ऋषि वर्मा, रश्मि मिश्रा, गोलू साहू, नारायण छाबड़ा, कन्हैया वर्मा सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। सभी ने सरकार से किसानों को राहत देने की मांग की। इस मौके पर टी.आर. जनार्दन, दिनेश पटेल, जोगेंद्र छाबड़ा, सुनील नामदेव, वाहिद रवानी,प्रकाश ठाकुर, प्रशांत तिवारी, योगिता साहू, जयप्रकाश साहू, रामसजीवन टंडन, देवचरण गोसाई, ध्रुव वर्मा, रूपराम डेहरे, शिवकुमार वर्मा, राजेंद्र साहू सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

# सिंघरौर कुर्मी समाज के शपथ ग्रहण में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

सिंघरौर कुर्मी (क्षत्रिय) समाज जिला बेमेतरा द्वारा कांतेली स्थित कुर्मी समाज भवन में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोहित राम वर्मा के स्वागत भाषण से हुआ।

मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह गौरव का विषय है कि हम आज इस भवन की भव्यता बढ़ाने और समाज के विकास के उद्देश्य से एकत्रित हुए हैं। समाज की भावनाओं को समझते हुए हर जिले में कुर्मी समाज की जनगणना आवश्यक है। समाज में राजनीतिक भागीदारी भी बढ़ रही है, जो एक सकारात्मक संकेत है। विशिष्ट अतिथि लता ऋषि चंद्राकर, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने वरिष्ठ नागरिकों और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि 10वीं और 12वीं के छात्रों ने शानदार अंक लाकर समाज और परिवार का नाम रोशन किया है। माता-पिता का इसमें अमूल्य योगदान है। हर माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के सम्मान समारोह में जरूर शामिल हों। यह उनकी प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है।



अध्यक्षता कर रहे डॉ. प्रवीण वर्मा, सदस्य, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियों की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं। समाज सेवा के क्षेत्र में आपका निरंतर समर्पण ही आज आपको इस मंच पर लेकर आया है। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया। कांतेली के सरपंच द्वारा सरकारी सेवा त्यागकर समाज सेवा के लिए समर्पण को विशेष रूप से सराहा गया। नव निर्वाचित समाज अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि यह पद केवल सम्मान नहीं, जिम्मेदारी का प्रतीक है। मैं समाज के प्रति पूरी निष्ठा से सेवा करूंगा। यह कार्य अकेले का नहीं, सभी का सामूहिक दायित्व है। सभी के सहयोग और आशीर्वाद से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है।

इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी घासीराम वर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी समस्तगढ़, उपाध्यक्ष खेमराज वर्मा (गप्पू), महिला उपाध्यक्ष रीना मिथिलेश वर्मा, कोषाध्यक्ष हेम सिंह वर्मा, सचिव ललित वर्मा सहित सभी परीक्षेत्रीय और ग्रामीण अध्यक्षों की उपस्थिति रही।

# ट्रांसफर होने पर गुधेली स्कूल में शिक्षकों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

विकासखण्ड बेरला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुधेली में स्थानांतरित शिक्षकगण प्रीतिलता नायक व्याख्याता, कमलेश कुमार नेताम शिक्षक, सुप्रिया टंडन शिक्षक का विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में तीनों शिक्षकगण मंचस्थ थे।प्रभारी प्राचार्य आरएन ध्रुव की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथियों रामकुमार वर्मा उपाध्यक्ष एसएमडीसी, विरेन्द्र कुमार दुबे व्याख्याता, कुंजराम साहू प्रधानाध्यापक, लक्ष्मी बघेल व्याख्याता की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। प्रभारी प्राचार्य के द्वारा समस्त अतिथियों का हृदय से धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता कमलेश कुमार वर्मा ने किया।

## सड़क-गली और गड्ढों में भरे पानी को सूखने पर लगते है 10-15 दिन

**गंदगी और प्रदूषण से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है**

# बारिश में पानी भरने से मनियारी के लोग होते हैं परेशान, पर निदान की पहल वर्षों बाद नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत मनियारी के एक ऐसा वार्ड है जहां बारिश होने पर वार्डसियीं को कई परेशानियों को झेलना मजबूरी बन गया है। गांव की गलियों में नाली की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में ज्यादा मात्रा में पानी की भराव वार्ड वासियों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। वही वार्ड नंबर 6 कि बात करे तो आलम यह है कि गली की सड़क गड्ढे होने के कारण ज्यादा मात्रा में पानी का भराव हो जाते है। बारिश का पानी सूखने में कम से कम 10 से 15 दिन लग जाते है।

इतने में ही मौसम परिवर्तन होने पर बीच-बीच में और पानी गिरने से सूख नही पाते। इसी तरह बारिश का पानी लंबे समय से जमा होने पर गंदगी व गंभीर बीमारी का खतरा बना रहता है। इसके अलावा कीड़े मकोड़े की गंभीर भय लगा रहता है। जहरीले जीव जैसे सांप व बिच्छू का खतरा और भी ज्यादा हो गए है छोटे छोटे बच्चे खेल खेल में घर के बाहर या अंदर कब दुर्घटना घट जाए ये भगवान भरोसे है। इससे इस गली में रहने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रहे है।



### बारिश की है प्रतीक्षा पर समस्याओं से है बेजार

ग्रामीणों का मानना है कि बारिश व मानसून का हर कोई इंतजार करता है। लेकिन बेरला ब्लॉक के कई ऐसे गांव है जहां पर कीचड़ से परेशान व दुखी चली आ रहे है जिनका निदान नही हो पा रहे है। उसके लिए परेशानी के घड़ी उत्पन्न होने के बराबर है। इस बात से ग्रामीण नाराजगी व्यक्त करते हुए कहां के गांव की जनप्रतिनियों द्वारा ऐसी कोई पहल नहीं किया जा रहा है। जिससे इस गंभीर समस्या से निदान हो सके। इस संबंध में ग्रामीण जीवराखन चक्रधारी, बल्लू साहू, राधेश्याम चक्रधारी, श्यामू निषाद, सियाराम साहू, मुन्नी बाई नेताम,हीरालाल निषाद ने बताया कि वार्ड 6 में निवास करता हूँ जहां बारिश के दिनों में मेरे घर के सामने घुटनों तक पानी भर जाते है। गली में पानी भरने से कई जहरीली जीव घर में घुस जाते है। बारिश का पानी भरे होने पर बच्चे खेलने को आतुर हो जाता है। साथ ही रात्रि में सांप व कीड़े मकोड़े का भय लगा रहता है। मेरे घर में कई बार सांप व बिच्छू घुस चुके है। इस गंभीर समस्या से जूझना मेरे लिए मजबूरी बन गया है। गांव के जनप्रतिनियों को इसके बारे में कई बार जानकारी दिया हूँ। इस संबंध में जिला पंचायत बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल इस समस्या से अवगत कराया गया था जिस पर उन्होंने जल्द ही कार्यवाही किए जाने की बात कही थी परंतु अब तक कोई परिणाम नहीं हुए है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो रहे है।

# नवीन प्राशा में प्रवेशोत्सव में कराया गया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



शासकीय नवीन प्राथमिक शाला वार्ड नंबर 7 में शाला प्रवेश उत्सव एवं नेवता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा के साथ की गई।

तत्पश्चात नव प्रवेशी बच्चों के तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात सजनी यादव पार्षद वार्ड 7 बेमेतरा उदय राम यादव पार्षद पति ने अपनी बेटी शशिकला यादव की शादी के खुशी में नेवता भोज का आयोजन किया। नेवता भोज में खीर, पुडी, चाँवल, दाल, सब्जी परोसे गए। पार्षद द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को काँपी, पेन दिया गया। संचालन संतोष कुमार साहू शिक्षक ने किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सजनी यादव एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण, पालकगण एवं नीलावती साहू प्रधान पाठक, योगिता वर्मा, सविता जायसवाल, संतोष कुमार साहू, शिक्षक -शिक्षिका मौजूद थे।

# बिना ई-वे बिल जा रही होंडा की गाड़ियों को जीएसटी अधिकारी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने होंडा कंपनी की नई बाइक व स्कूटर से भरे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में जितनी भी गड़ियां लोड थीं उनका ई-वे बिल नहीं था। इसके बाद इसको लेकर कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक यह कार्रवाई दुर्ग जीएसटी डिपार्टमेंट की असिस्टेंट कमिश्नर नीता दीवान और आदेश वाहन अमन साहू ने मिलकर की। उन्हें शनिवार रात सूचना मिली थी कि सीजी 07 एनए 9159 ट्रक में होंडा कंपनी की नई स्कूटी और बाइक लोड करके ले जाया जा रहा है। लेकिन उनका कोई ई-वे बिल जनरेट नहीं किया गया है। सूचना मिलते ही नीता दीवान रात 9-10 बजे के करीब नेहरू नगर चौक के पास पहुंची। उन्होंने ट्रक को रोका। चेकिंग करने पर उसके अंदर 9-10 होंटी की बीएस 6 फेज 2 मॉडल की बाइक और स्कूटी लोड थी। जब दीवान ने ड्राइवर से ई-वे बिल मांगा तो वो नहीं दे पाया। इसके बाद वो उस गाड़ी को पकड़कर जीएसपी कार्यालय दुर्ग ले गईं। पूछताछ करने पर पता चला कि ये गाड़ियां दल्लीराजहरा स्थित होंडा शो-रूम से दुर्ग लाई जा रही थीं। इतनी दूर से गाड़ियों को लाने के बाद भी इनका ई-वे बिल जनरेट न होना ये दर्शाता है कि कहीं ना कहीं गाड़ियों में जीएसटी चोरी की आशंका को दर्शाता है।

## जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने नहीं दी जानकारी

### गुपचुप की गई कार्रवाई

बिना ई-वे बिल के नई गाड़ियां ले जाते पकड़ी जाने के बाद भी जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने इस कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इतना ही नहीं जब इसे लेकर अमन साहू से बात की गई तो उन्होंने कार्रवाई की बात को स्वीकार किया, लेकिन क्या कार्रवाई हुई और क्या कमी पाई गई, कितने की जीएसटी चोरी पाई गई इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी।



### मामला रफा दफा करने पहुंचा मालिक

रात में जैसे ही जीएसटी की टीम ने नई बाइक और स्कूटर से भारे ट्रक को पकड़ा उन गाड़ियों को मंगाने वाला व्यक्ति तुरंत सीजी 07 बीजेड 2500 से वहां पहुंचा। उसने मामले को रफा दफा करने की भी कोशिश की, लेकिन मीडिया के मौजूद रहने से जीएसटी अधिकारियों ने कार्रवाई की बात की। कार्रवाई के बाद भी अब तक यह नहीं बताया गया कि ये गाड़ियां किसकी थी और बिना ई-वे बिल के कैसे यहां तक लाई गईं।

## खबर संक्षेप



### रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** सीटीबी फाउंडेशन पार्षद जितेंद्र ताम्रकार एवं प्राचीन शिव गणेश मंदिर समिति लुचकी पारा के संयुक्त तत्वावधान में शिव मंदिर समीप रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ वंदना देवांगन एवं डॉ विशाल बख्शी द्वारा चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। रक्तदान की व्यवस्था आशीर्वाद ब्लड बैंक द्वारा की गई। वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 56 यूनिट रक्तदान किया। साथ ही बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच करवाई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आरिफ तिगाला, वार्ड 7 पार्षद जितेंद्र ताम्रकार, मो तासीर, पार्षद वार्ड 8 खालिद रिज़वी, नरेश साहू, कालू भाई, बसंत ध्रुव, पूर्व पार्षद विनोद ताम्रकार, आशिफ अली, शाकिर पवार, मुन्नवर अली, गोपाल कसेर, अलताब आदि का सहयोग रहा।

### वार्ड 56 उरला में सुनी पीएम के मन की बात



**दुर्ग।** वार्ड क्रमांक 56 उरला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर वार्ड के नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, योग, खेल और एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में जागरूकता और भागीदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर युवा नेता नितेश साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम अपने आप में अद्भुत व प्रेरणास्पद है, जिसे न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में सराहा जाता है। सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में वार्ड पार्षद रेशमा सोनकर, गोलू सोनकर, भीम, शुभम कोम्बे, तुषार राजपुत तथा वार्डवासी उपस्थित रहे।

### दिवंगतों की स्मृति में किया गया पौधारोपण

**भिलाई।** योग लंगर समिति और केसरी समिति रिसाली के संयुक्त तत्वावधान में योग परिसर दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में रविवार की सुबह समाजसेवी स्व. योगेंद्र मुन्ना पाण्डे की स्मृति में सघन पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से स्व मुन्ना पांडे के पिता त्रिभुवननाथ पांडे, परिवारिक जन नागेंद्र पाण्डे, क्षितिज, कार्तिकेय, धर्मेंद्र भगत, योग लंगर समिति के संस्थापक अशोक माहेश्वरी, शैलेन्द्र, अनुपम साहू, संध्या वर्मा, राजेश्वरी पसीने सहित अन्य पर्यावरण प्रेमी उपस्थित होकर पौधरोपण किया।

## समारोह : मुख्यमंत्री साय ने किया आयुर्वेदिक प्रसंस्करण का लोकार्पण

# तीनों लोकार्पित आधुनिक इकाइयों में दो हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा के अंतर्गत ग्राम जामगांव एम में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित द्वारा निर्मित आधुनिक आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण इकाई एवं केन्द्रीय भण्डार गृह परिसर तथा स्प्रेयर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप अंतर्गत निर्मित हर्बल्स एक्सट्रेक्शन इकाई का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद विजय बघेल, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, सम्पत लाल अग्रवाल, ललित चन्द्राकर, गजेन्द्र यादव एवं रिकेश सेन, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक दयाराम साहू, महामण्डलेश्वर हरिद्वार श्रीश्री 1008 डॉ स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज, स्थानीय आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव, छत्तीसगढ़ राज्य वनोपज संघ प्रबंध संचालक अनिल कुमार साहू, छग राज्य वनोपज संघ के कार्यकारी अध्यक्ष एस मणिकासगन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने लोकार्पण के पहले प्रसंस्करण ईकाई परिसर में आंवला का पौधा रोपित किया। इसके साथ ही वन मंत्री कश्यप ने सीताफल का पौधा, सांसद विजय बघेल ने बेल, महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 डॉ स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज ने भी सीताफल का पौधा रोपित किया।

### साय सरकार प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने है कृत संकल्पित





### ऐतिहासिक पहल

उल्लेखनीय है कि आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई छत्तीसगढ़ की समृद्ध वन संपदा को विज्ञान और आधुनिक तकनीक से जोड़कर फारेस्ट टू फर्मेसी मॉडल को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। 27.87 एकड़ क्षेत्र में 36.47 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई से प्रतिवर्ष 50 करोड़ रूपए मूल्य के उत्पाद तैयार किये जाने का अनुमान है। यह इकाई प्रदेश के वनों में पायी जाने वाली औषधीय और लघु वनोपज जैसे



महुआ, साल बीज, कालमेघ, गिलोय, अश्वगंधा आदि का संगठित एवं वैज्ञानिक प्रसंस्करण कर चूर्ण सिरप, तेल, टैबलेट एवं अवलेह जैसे गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक उत्पादों का निर्माण करेगी। यह इकाई छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड के तहत प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने का प्रमुख केन्द्र भी बनेगी। परियोजना के अंतर्गत 2000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की प्राथमिक प्रसंस्करण कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित होगी, जिससे उन्हें स्वरोजगार का अवसर मिलेगा। वही युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होने से स्थानीय स्तर पर आजीविका के नए द्वार खुलेंगे। आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई में आधुनिक वेयर हाउस की 20,000 मीट्रिक टन की संग्रहण क्षमता विकसित की गई है, जिससे सीजनल वनोपजों के दीर्घकालीन संरक्षण एवं गुणवत्ता नियंत्रण में सहायता मिलेगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फ़ॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विजन को मूर्तरूप देती है।

### मध्य भारत का सबसे बड़ा प्रसंस्करण

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 44.10 प्रतिशत वनाच्छादित क्षेत्र है। जिसके कारण राज्य में वनोपज की बहुलता है। यह प्रसंस्करण इकाई मध्य भारत का सबसे बड़ा प्रसंस्करण इकाई है। इसके प्रारंभ होने से वनोपज का संग्रहण, प्रसंस्करण के साथ-साथ वनोपज के उत्पाद को बेहतर बाजार मिलेगा। महा मण्डलेश्वर हरिद्वार श्री श्री 1008 स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुर्वेदिक औषधियां की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### पांच हितग्राहियों को बांटी चरणपादुका

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान पांच हितग्राही महिलाओं को चरण पादुका प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय की संवेदनशीलता को देखने को मिली। उन्होंने ग्राम बढ़भुम जिला बालोद निवासी महिला हितग्राही शकुंतला कुरैटी को अपने हाथों से चरण पादुका पहनाया। इसके साथ ही अन्य हितग्राही वैजयंती कुरैटी, निर्मला उईके, ललिता उईके, श्रीमती अघनतीन उसेंडी को भी वन मंत्री सहित सभी अतिथियों ने अपने हाथों से चरण पादुका पहनाया।राज्य में आयुर्वेद और वनौषधियों के महत्व को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने तीन नई हर्बल इकाइयों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इन इकाइयों से लगभग दो हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ का 44 प्रतिशत भू-भाग वन क्षेत्र से आच्छादित है। यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक औषधियों की कच्ची सामग्रियाँ जंगलों से एकत्रित कर संयंत्रों तक पहुंचाई जाएंगी, जिससे वनवासियों को सीधा लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रसंस्करण इकाई मध्य भारत का सबसे बड़ा प्रसंस्करण इकाई है। यह संयंत्र आयुर्वेदिक औषधि निर्माण के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेदिक केंद्र के रूप में बनेगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से एक पेड़ माँ के नाम अभियान में जुड़ने का आव्हान किया।

# ट्रैफिक पुलिस ने लगाया 8 प्रमुख स्थलों पर चेकिंग पाइंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- शाम 6 से 11 बजे तक चेकिंग
- 264 वाहन चालको पर कार्रवाई

ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष चेकिंग पाइंट लगाया गया है। वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि जिले के प्रमुख 8 स्थानों पर विशेष चेकिंग पाइंट लगाकर 264 लापरवाह वाहन चालको पर कार्रवाई ई रक्शिा,ऑटो चालकों की लिस्टिंग की गई।

28 जून की शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक ट्रैफिक पुलिस, थाना स्टॉफ के द्वारा चेकिंग पाइंट में दो पहिया वाहन में तीन सवारी 25, बिना हेलमेट 36, तेज रफ्तार 11, बिना सीट बेल्ट 29 और शराब पीकर वाहन चालने वाले 5 चालको पर कार्रवाई की गई। रूआबांधा क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 34 चालको पर भी शिकंजा कसा गया।

शराब पीकर वाहन चालन करने वाले वाहन चालक का वाहन जप्त कर अग्रिम कार्रवाई की गई। जिसे न्यायालय में पेश किया गया।न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालको से 10 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। वाहन चालको के लाइसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को भी भेजा गया है। संदिग्ध लगने वाले वाहन चालको के वाहन की डिक्की की भी चेकिंग की गई। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में ई रिक्शा, ऑटो चालकों का सत्यापन के लिए नाम नंवर पता की जानकारी नोट की गई।

## बच्चों का हुआ दांत का परीक्षण वितरित की गई चरण पादूकाएं

**भिलाई।** तथागत महिला समिति भिलाई द्वारा शनिवार सुबह शासकीय प्राथमिक शाला अकलोरडीह हथखोज में समिति के सभी सदस्यों के द्वारा कक्षा एक से पांचवी तक के बच्चों को शालेय जूता एवं मोजा दान दिया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष कल्पना गजभिये एवं समिति की समस्त सदस्य, स्कूल के प्रधान पाठक डीआर सहारे एवं तथागत समाज कल्याण समिति के सदस्यों ने सर्व प्रथम प्रथम बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर वंदना की। साथ ही बच्चों को समिति द्वारा स्वल्पाहार का भी वितरण किया गया। महिला समिति की महासचिव डॉ. सोनीका बोधि ने स्कूल के बच्चों के लिए निशुल्क दंत चिकित्सा कैंप लगाकर सभी बच्चों के दांतों का परीक्षण किया।

# विकसित भारत हम सभी का संकल्प है: ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- बूथ कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रविवार को रिसाली हिन्द नगर में बूथ नम्बर 106 वार्ड 31 पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यकर्ताओं के साथ सुना।

चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की छोटी-छोटी से लेकर बड़ी उपलब्धियों पर भी अपनी बात साझा करते हैं और उसकी सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने योग दिवस की भव्यता, पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी, महिला सशक्तिकरण, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि, 1975 के आपातकाल और भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की वियतनाम यात्रा और भारत के ट्रेकोमा मुक्त होने जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए। विधायक ने कहा कि विकसित भारत हम सभी का संकल्प है और राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार हर मोर्चे पर दृढ़ संकल्प के साथ खड़ा है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू , नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष अर्चना हिरवानी , किरण यादव, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे,कमलेश हिरवानी, गोपाल साहू, चोवा राम साहू, बालेश्वर यादव, शिवलाल साहू, भरत हिरवानी, महेश देशमुख, चंद्रिका सेवार, सुनीता चौहान, सुलोचना बिंदेश्वरी, ललिता साहू, मोंगरा देशमुख, प्रदेशनीन,राम कुंवर बैनर्जी, पूर्णिमा देशमुख, जमुना साहू, कामिनी साहू, दिव्या साहू, हिमांशु साहू, ए के श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।



# उद्योगों के विकास से ही राष्ट्र का विकास संभव : पीएन शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- इंटक कार्यालय में ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स पर सेमिनार

स्टील इंपलाइज यूनियन इंटक के सेक्टर 3 स्थित कार्यालय में दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर पीएन शाह द्वारा ''ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स'' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया । रीजनल डायरेक्टर पीएन शाह ने यूनियन नेताओं को 5-डी सिद्धांत अपनाकर श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के साथ औद्योगिक विकास में म भूमिका निभाने के लिए जागरुक किया।

महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि इंटक यूनियन कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके जीवन स्तर में विकास के साथ औद्योगिक विकास पर भी जोर देती रही है इसके लिए राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड से लगातार सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता रहा है । उन्होंने सेमिनार मे इंटक के 41 श्रमिक नेता शामिल हुए जिसमें से 23 श्रमिक नेताओं ने नामांकन भी किया ।

राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर पी एन साह ने कहा कि ट्रेड यूनियन का विकास होने से भिलाई इस्पात संयंत्र का विकास होगा एवं देश में उद्योगों के विकास से राष्ट्रीय विकास संभव हो पाएगा इसके लिए यूनियन नेताओं को 5 डी सिद्धांत पर फोकस करना जरूरी है । उन्होंने कहा कि फाइव-डी अर्थात डिजायर,ड्यूटी ,डिजाइन ,डेडीकेशन एवं डेस्टीनेशन को अपनाकर हम श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेंगे तथा कर्मचारियों, यूनियन नेताओ एवं प्रबंधन के बेहतर समन्वय से उद्योग का विकास होगा । सेमिनार में अतिरिक्त महासचिव शेखर कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार किचलू .उपाध्यक्ष अजय कुमार मार्टिन, सच्चिदानंद पांडेय, राजाराम पांडेय, उप महासचिव शिव शंकर सिंह, सीपी वर्मा सहायक कोषाध्यक्ष जीआर सुमन. वरिष्ठ सचिव राजकुमार, रेशम राठौर, ज्ञानेंद्र पांडेय, सचिव डी शंकर, गोविंद राठौड़ विंसेंट परेरा रामजीत सिन्हा विजय विश्वकर्मा आरिफ मंजर अजय कुमार शाह, एन चंद्रा नायक, अरविंद प्रताप सिंह, आर देवांगन, जे बेंजामिन डीपी साहू बिन्नी पाल मलय कुमार बनर्जी सुरेंद्र प्रसाद अखिलेश्वर मानिक टी एस राजेश जेके सूर्य,वंशी डी मोहन राव, अजय खलखो, आर वेंकटराव राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।



## संविधान बचाओ सभा में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा

# केंद्र सरकार की वजह से रक्षा हितों का कत्ल होते जा रहा- भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- सिविक सेंटर कला मंदिर में हुआ संविधान बचाओ सभा

सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ सभा का आयोजन रविवार को हुआ। सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि संविधान को बनाने में कई साल लगे। जिन लोगों ने इसे बनाया उन्होने दिन रात एक कर बमुश्किल से बनाया। अब केंद्र सरकार इस संविधान को ही बदलने जा रही है। इससे रक्षा हितों का कत्ल होता जा रहा है। राष्ट्र हित में संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। लोगों के हितों से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। उन्होने बताया कि आज कांग्रेस को संविधान बचाओ सभा करने की क्यों जरूरत पड़ी।

### केंद्र सरकार पर जमकर साधा निशाना

सभा को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। बघेल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार संविधान का दुरुपयोग कर रही है और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी योजना, जो गरीब मजदूरों की आर्थिक रीढ़ थी, उसे बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही, उन्होंने सरकार पर विदेशों के दबाव में काम करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज संविधान संकट में है और उसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।




### स्वतंत्र व निष्पक्ष विचार नहीं रख सकते - देवेन्द्र

भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि आज संविधान बचाना राष्ट्र हित में सबसे जरूरी हो गया है। केंद्र सरकार की मनमानी के चलते आज स्थिति ऐसी है कि पत्रकार तक स्वतंत्र व निष्पक्ष होकर अपनी बात नहीं रख सकते। संवैधानिक लोकतंत्र को केंद्र सरकार की नीति से खतरा पैदा हो गया है। इस मौके पर भिलाई जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल, पूर्व विधायक बदरूद्दीन कुरैशी, पूर्व विधायक अरूण वोरा, नीता लोधी, सीजू एंथोनी, भिलाई निगम के एमआईसी सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष,एनएसयूआई सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गायकों ने गीतों की रिमझिम से संगीत प्रेमियों का तन-मन भिगोया

**भिलाई।** हिंदी फिल्मों के लेजेंड्री और बेजोड़ संगीतकार तथा गायक आरडी बर्मन की स्मृति में रागमंजरी ने गीतों की रिमझिम फुहारों से श्रोताओं को तन-मन को भिगो दिया। सावन के पहले पड़ी बारिश की बौछारों ने जहां संगीत प्रेमियों के लुभाया, वहीं सुरों की सरिता ने मन को तरबतर कर दिया।

पंचमदा की जयंती पर स्वामी आत्मानंद उद्यान व खेल परिसर में आयोजित सुर संध्या में एक अजनबी हसीना, होगा तुमसे प्यारा कौन, मेरी भीगी-भीगी सी पलकें, भीगी-भीगी रातों में, रिमझिम गिरे सावन, बड़ा नटखट है रे, प्यार दीवाना होता है, रात कली एक ख्वाब में आई, चुरा लिया है तुमने जो दिल को जैसे अमर फिल्मी गीतों का संगीत प्रेमियों ने आनंद किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंचमदा को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। फिर उसके बाद शुरू हुआ एक के बाद एक लगभग दो दर्जन फिल्मी तरानों का संगीतमय सफर। संगीत का खुमार ऐसा छाया कि गायकों के साथ श्रोता भी झूमझूम कर गाने लगे। इस दौरान लोगों ने गानों की फरमाइश भी की, जिसे गायकों ने पूरा किया।

आरडी बर्मन के सदाबहार गीत पेश कर सुरों की महफिल सजाने वाले रागमंजरी कराओके के कलाकारों में तपन कुमार नाथ, जाह्नवी दत्ता, जीवनंदन वर्मा, सुरेश बारसागड़े, प्रमोद ताम्रकर, सुमन जोशी, राजेश्वरी साहू, वंदना देशमुख, तामेश्वर साहू और तिलक वर्मा शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### कार्यकारिणी का विस्तार

**गंडई पंडरिया।** ढेंगर धनगर गडरिया समाज की बैठक खैरागढ़ में सुरेश धनगर के निवास पर वरिष्ठजनों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार के साथ युवा प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया। जिला मुख्य कार्यकारिणी के लिए भुवनेश्वर पाल (कुकुरमुडा) को जिला अध्यक्ष और राधेश्याम धनकर (जीराटोला) को उपाध्यक्ष चुना गया। युवा प्रकोष्ठ में योगेंद्र पाल (साल्हेभर्री) को जिला युवा अध्यक्ष, भानु पाल (बुंदेली) को कार्यकारी अध्यक्ष और कमल पाल (दिल्ली) को जिला युवा सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार महिला प्रकोष्ठ में ताराबाई पाल (मुड़ीपार) को जिला महिला अध्यक्ष, अंजलि पाल (कुकुरमुडा) को कार्यकारी अध्यक्ष और अनीता पाल (राजनांदगांव) को जिला सचिव बनाया गया है। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी नारायण प्रसाद पाली और निरंजन धनकर ने दी।

### जिपं उपाध्यक्ष से मिले नए पदाधिकारी

**गंडई पंडरिया।** गंडई मंडल भाजपा के पदाधिकारियों ने सोमवार को पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू एवं गंडई मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने नई जिम्मेदारी मिलने के लिए आभार व्यक्त किया। उपाध्यक्ष श्री सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें एकता और मजबूती के साथ संगठन को आगे बढ़ाना है। उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए अपने पद के अनुरूप कार्य करें।

# पंचायत की दूरी 2 किमी पर लोगों को चलना पड़ रहा 15 किमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

विकास के दावों के बीच विडंबना ही कहा जाए कि अंचल में ऐसा गांव भी है जहां तक पहुंचने के लिए सड़क तक नहीं बन सकी है। ग्रामीणों को कीचड युक्त सड़क से आवागमन करना पड़ रहा है। हालत यह है ग्रामीण पंचायत मुख्यालय तक भी बड़ी मुश्किल से पहुंच पाते हैं।

जानकारी के अनुसार अंचल के ग्राम विष्णुपुर के लोगों को ग्राम पंचायत मुख्यालय तक जाने के लिए सड़क नसीब नहीं है। स्कूल कालेज के बच्चे पढ़ाई करने ऐसी सड़क से आवागमन करते है जिसमें पैदल चलना भी मुश्किल है। बीमार को इस मार्ग से ले जाना खतरे से खाली नहीं है।

ग्राम को राशन दुकान या खाद के लिए सोसायटी जाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ता है। किसानों को सबसे अधिक दिक्कत तब होती है जब उन्हे धान बेचने सोसायटी जाना पड़ता है। पंचायती कार्यों के लिए ग्रामीणों को इसी जर्जर सड़क से गुजरना पड़ता है। यह सड़क बरसात के दिनों में दलदल में परिवर्तित हो जाती है।

### लंबी दूरी तय करने मजबूर ग्रामीण

ग्राम विष्णुपुर के लोगों को पंचायत मुख्यालय पहुंचने के लिए 10 से 15 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है। एक किलोमीटर कच्ची सड़क को पक्की बना दिया जाए तो 10 से 15 किलोमीटर के बजाए लोगों कोग्राम पंचायत पहुंचने हेतु मात्र 2 किलोमीटर की दूरी दुरी तय करना पड़ेगा। उपसरपंच भागवत वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर सड़क निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर विष्णुपुर से खुर्शीपार मार्ग को पक्की सड़क बनवाने की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण जल्द कराने का आश्वासन दिया है।



### अब तक मांग पूरी नहीं

ग्राम पंचायत खुर्शीपार के उप सरपंच भागवत वर्मा ने बताया कि जब वह बारहवीं की पढ़ाई बिल्हरी स्कूल से कर रहे थे तब से पक्की सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। शाला के वार्षिकोत्सव में शामिल होने पहुंचे तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह को आवेदन पत्र देकर सड़क निर्माण कराने की मांग किया था। विधायक दलेश्वर साहू को भी कई आवेदन दे चुके हैं। इसी क्रम में जिलाधीश, सरपंच, जनपद पंचायत में आवेदन देकर समस्या से अवगत करा चुके हैं परन्तु समस्या जस के तस बनी है।प्रशासन की अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है।

## किसानों को बेहतर बारिश का बेताबी से इंतजार

# गहराने लगा खाद संकट, रिमझिम बारिश के बीच धान की रोपाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

### नदी, नाले अब तक नजर आ रहे सूखे

अषाढ़ का पहला पखवाड़ा बीत गया पर क्षेत्र में अब तक मानसूनी बारिश नहीं हुई है। बीते तीन दिन से रिमझिम और खंड बारिश के बीच धान की रोपाई शुरू हो गई है। बारिश नहीं होने से नहर, नदी, नाला अब तक सूखे नजर आ रहे हैं। जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन है उन्होंने धान की रोपाई करना शुरू कर दिया। किसानों को अच्छी बारिश का से इंतजार है। बारिश होते ही धान की रोपाई तेज हो जाएगी।

ग्राम चकनार, मानपुर, जीराटोला, कुकुरमुडा, सड़क अतरिया के किसानों ने बताया कि बढ़ती लागत और सिंचाई के साधन में कमी के चलते ज्यादातर किसान इस बार बोता और ओन्हारी पद्धति से धान की बोआई कर रहे हैं। अब तक करीब चालीस फीसदी किसान बोआई कर चुके हैं। बीते तीन- चार दिन से हो रही रिमझिम बारिश इस पद्धति के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। बीज का अंकुरण बेहतर तरीके से होने लगा है। मौसम बेहतर होने से सोयाबीन, अरहर की बोआई के साथ टमाटर लगाया जा रहा है।



### मवेशियों से किसान परेशान

इन दिनों किसान मवेशियों से परेशान हैं। क्षेत्र के ज्यादातर गांव में मवेशियों का रोका छेका शुरू नहीं हुआ है। किसानों ने बताया कि मवेशी रोपाई के लिए तैयार हो रहे पौधे तथा खेतों की फसल को बर्बाद कर देते हैं। तमाम उपाय करने के बाद भी फसल की सुरक्षा नहीं हो पा रही है। क्षेत्र के गौठान, कांजी हाऊस में चारा पानी की व्यवस्था नहीं होने से मवेशी को रखने की समस्या है।

### नहीं मिल रही खाद

खेती के सीजन की शुरूवात से जारी खाद संकट अब गंभीर होते नजर आ रहा है। क्षेत्र की किसी भी सोसायटी में डिमांड के अनुसार खाद नहीं पहुंची है जिसके चलते किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। यूरिया, डीएपी सहित अन्य खाद के लिए कृषक रोज सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं पर उन्हें खाद नहीं मिल रही। किसानों ने बताया कि धान का पौधा रोपाई के लिए तैयार हो गया है पर खाद नहीं मिलने से रोपाई नहीं हुई है। कुछ किसानों ने बताया कि खेतों में धान का पौधा निकल रहा है ऐसे में खाद का छिड़काव करना जरूरी है। सोसायटियों में जहां खाद की किल्लत है वहीं दूसरी ओर दुकानों में खाद मनमाने दर पर बिक रही है। किसान मजबूर होकर महंगे में खाद खरीद कर खेतों में डाल रहे हैं।

# नवाचार साथ स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ रहा विवि

**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विवि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मार्गदर्शन में नवाचार के साथ ही स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ललित कला अकादमी नई दिल्ली की छात्रवृत्ति योजना के लिए विवि के चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है जो स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की चुके हैं। योजना तहत चारों विद्यार्थियों को ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय केन्द्र में कार्य करना होगा जिसके लिए उन्हें एक साल तक 20 हजार रूपए प्रति माह की दर से छात्रवृत्ति दी जाएगी इससे उन्हें अपने कला क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने का अवसर मिलेगा, प्रतिभा में निखार आएगा।







**खबर संक्षेप**



## वाहनों की जांच, 17 मामले में 35 सौ जुर्माना

**राजनांदगांव।** यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने जांच अभियान चलाया है। जिसके तहत पुलिस ने एमसीपी लगाकर वाहनों की जांच की और 17 मामलों में तीन हजार पांच सौ रुपए जुर्माना किया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई अभियान चलाया गया। जिसके तहत थाना लालबाग, सोमनी, छुरिया, गैंदाटोला, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं पुलिस चौकी चिखली, सुरगी, तुमड़ीबोड़, सुकुलदैहान, चिचोला व यातायात पुलिस द्वारा 29 जून को रात्रि 8 से 12 बजे तक एमसीपी लगाकर आने- जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा 17 प्रकरणों में 3500 रुपए की चालानी कार्रवाई कर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से ट्रेफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दहशत व्याप्त है।

## वीडियो, मैसेज वायरल के नाम पर ब्लैकमेल जीजा गिरफ्तार साली की तलाश में जुटी पुलिस

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने वीडियों और मैसेज को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले जीजा को गिरफ्तार किया है। साली अभी फरार है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नंदिनी थाने में मामले की शिकायत दर्ज हुई है। वर्ष 2009-2010 में सिद्धार्थ नगर कोसा नाला भिलाई निवासी दामीनी सोनी से पीड़ित की पहचान हुई थी। दोनों आपस में बातचीत करते थे। वर्ष 2013-14 में दामीनी सोनी का विवाह हो गया। 2021 में दामीनी ने जितेन्द्र कुमार साहू को फ्रेंड रिकवेस्ट भेजा था। फिर मैसेज में आरोपिया दामीनी सोनी ने पीड़ित का मोबाईल नंबर मांगा था। मोबाईल फोन व वाट्सअप से दोनों का बातचीत करना शुरू हो गया। नजदीकीयां बढ़ने पर दोनो के बीच चैट और फोन बात होने लगी। दामीनी ने उसे अपने पास रख लिया था। इसके बाद वो जितेंद्र को ब्लैकमेल करने लगी। जब जितेंद्र ने उसकी बात मानने से मना किया तो उसने उसके मैसेज और कॉल रिकार्डिंग को वायरल करने की धमकी दी।

## पार्षद के खिलाफ सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

**भिलाई।** नगर पालिक निगम दुर्ग वार्ड 18 पार्षद व लोकनिर्माण प्रभारी देव नारायण चंद्राकर का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इसमें नाबालिग को पार्षद चूना रसायन हटाने बोलते दिख रहा है। जिसे लेकर पार्षद ने आईजी, एसएसपी के नाम मोहन नगर थाने में यूट्यूब चैनल के खिलाफ शिकायत किया है। पार्षद चंद्राकर ने बताया कि यूट्यूब चैनल के सैय्यद सैफ, निधि राजपुत, धीरज कटझोरी द्वारा वीडियों वायरल कर छबि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।

# राज्य एवं जिले के मेधावी विद्यार्थियों और खिलाड़ियों का किया सम्मान

## कलेक्टर की उपस्थिति में बीईओ, प्राचार्य, संकुल एवं स्रोत समन्वयकों की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में जिले के हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल एवं स्त्रोत समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर रणबीर शर्मा उपस्थित रहे।कलेक्टर शर्मा ने वर्ष 2025 की हाई व हायर सेकंडरी परीक्षा में राज्य प्रावीण्य सूची एवं जिले के टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारण अत्यंत आवश्यक है, और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं ईमानदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सफलता केवल परीक्षा परिणाम से नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास से मिलती है। विद्यार्थियों को उन्होंने खेलकूद, नैतिक शिक्षा एवं रचनात्मकता की ओर भी प्रेरित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने "उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान" की विस्तृत जानकारी देते हुए उसके बिंदुवार क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया तथा उपस्थित जनों को उल्लास शपथ दिलाई।जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने बैठक में शाला प्रवेश उत्सव, पाठ्यपुस्तक वितरण, स्कैनिंग, गणवेश व सायकल वितरण, "एक पेड़ माँ के नाम", विद्युत देयकों का भुगतान, विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन व गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए कार्ययोजना सहित परीक्षा परिणामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।



### ये रहे मौजूद

बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा, प्रोग्रामर नेहिल वर्मा एवं चंदन देव ने समग्र शिक्षा, यू-डाईस अद्यतीकरण, शाला अनुदान, आईसीटी ट्रेनिंग, व्यावसायिक शिक्षा, पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग तथा सामग्री की गुणवत्ता निरीक्षण जैसे विषयों पर प्रस्तुति दी। वरिष्ठ प्राचार्य एस.पी. कौशले एवं एस.एस. ठाकुर ने विद्यालयीन गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, सहायक परियोजना समन्वयक धनंजय शर्मा सहित जिले के चारों विकासखंडों के शिक्षा अधिकारी, स्रोत समन्वयक एवं समस्त प्राचार्यगण उपस्थित थे।

## आयोजन : नि:शुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक का भी वितरण किया

# बालिकाओं को कार से स्कूल लाया फिर प्रवेशोत्सव में बाजे गाजे से किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला भोईनाभाठा में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव इस बार कुछ खास रहा। समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी ने नवप्रवेशी बालिकाओं को कार में बैठाकर बैंड-बाजे के साथ स्कूल तक लाकर अनूठी पहल की। गांव में यह दृश्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस मौके पर श्री माहेश्वरी ने सभी नवप्रवेशी बालिकाओं के नाम से सुकन्या समृद्धि योजना के तहत डाकघर में खाता खुलवाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी। उन्होंने कहा कि यह पहल बच्चियों में शिक्षा के प्रति उत्साह और अभिभावकों में बचत की भावना को बढ़ावा देने के लिए की गई है। इस अवसर पर छात्राओं को स्कूल बैग भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे ने कहा कि प्रवेश उत्सव से बच्चों में स्कूल के प्रति भय नहीं रहता, जिससे वे सहज होकर पढ़ाई कर सकते हैं। उन्होंने शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक का भी वितरण किया।

### छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित

ब्रह्मकुमारी शशि दीदी ने बच्चों को शांत मन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी, जबकि लायंस क्लब द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम उपरांत शाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर पार्षद नीतू कोठारी, सरपंच स्मृति ज्योति गायकवाड़, लायंस क्लब अध्यक्ष श्रीमती राघव, प्रफुल्ल शर्मा, डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी, रामानंद त्रिपाठी, नंदलाल शर्मा, घनश्याम अग्रवाल, संतोष चांडक, सौरभ तिवारी, सहित शाला स्टाफ, पालक व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। प्रधान पाठिका प्रतिमा देशलहरे सहित शिक्षिका कल्पना सोनी, रंजना ठाकुर, शबनम खान, आरती पांडेय, ब्रजेश शर्मा, दिग्विजय धृतलहरे ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## खुडमुड़ी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एंव पूर्व माध्यमिक शाला खुडमुडी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना एंव पूजा अर्चना से किया गया। अतिथि द्वारा उद्बोधन भाषण दिए गए।नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर एंव मुह मीठा कराकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच चंद्रिका पात्रे, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भगवती साहू, उपाध्यक्ष रवि गुप्ता व अन्य सदस्य गण तथा प्रधान पाठक राम प्रसाद बघेल, जगन्नाथ ध्रुव, गंगाराम साहू, रामकुमार ध्रुव, विद्या श्रीवास्तव, अरुणिका रामटेके, भारती तिवारी एंव देवेंद्र साहू सहित सभी विद्यार्थी गण उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने बस स्टैंड का निरीक्षण किया और यात्रियों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सोमवार शहर के बस स्टैंड निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा ने बस यात्रियों से सीधे संवाद कर उनसे किराया, यात्रा अनुभव और सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान साथ में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने यात्रियों से फीडबैक लेकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि बस स्टैंड में पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, सुरक्षा और प्रकाश की व्यवस्था सुचारु रूप से हो। श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर में साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जाए तथा नियमित रूप से स्वच्छता की निगरानी की जाए। उन्होंने मोहभट्ठा से निकालने वाले बायपास का निरीक्षण किया । वह गार्डन भी देखा जिसका कुछ हिस्सा बायपास में जाएगा ।*

*कलेक्टर ने कहा कि बस स्टैंड का उद्देश्य यात्रियों को आधुनिक और सुविधाजनक परिवहन अनुभव देना है। उन्होंने बारिश के पानी निकासी पर बल दिया । निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष नगर पालिका श्री विजय सिन्हा ने हाईटेक बस स्टैंड की बात की इसके लिए कुछ जगहों पर भी चर्चा की । मौके पर अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी,एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, नगर पालिका अधिकारी कोमल संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# बीजागोड़ प्राशा के न्योता भोज बच्चों को दिए गया उपहार भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ विकासखंड साजा में ग्रामीण पंचराम यादव ने अपने सुपुत्र नयंश यादव के द्वितीय जन्म दिवस को शाला परिवार के साथ हर्ष के साथ मनाकर नव पहल किया।

शाला परिवार ने इस शुभ अवसर पर मास्टर नयंश यादव की तिलक करके आरती उतारा और उपहार भेंट किया। ग्रामीण पंचराम यादव के द्वारा विद्यालय के बच्चों को भी पेन, पेंसिल, रबड़, कटर उपहार स्वरुप प्रदान किया इस रिटर्न गिफ्ट को पाकर बच्चे बहुत खुश हुये। इस शुभ अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया।न्योता भोज में खीर, पूड़ी, पापड़ वितरित किया गया। बच्चे इस पौष्टिक व्यंजन से बहुत आनंदित हुए। प्रधानपाठक विशेषर नेतामजी ने कहा कि न्योता भोजन छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। शाला की नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों के भोजन में गुणवत्ता का सुधार करना एवं समुदाय में अपनेपन की भावना को बढ़ावा देना है।

समुदाय न्योताभोज को जन्मदिवसों, वैवाहिक वर्षगाँठों, राष्ट्रीय पर्वो या किसी भी शुभ अवसरों पर कर सकते हैं यह पूरी तरह स्वैच्छिक हैं। इससे समुदाय में अपनेपन तथा समानता की भावना का विकास होता है। यह योजना न केवल बच्चें के पोषण में सुधार करती है यह एक साथ लाने का अवसर प्रदान करती है।इससे विद्यालय और समुदाय के बीच मजबूत संबंध बनते हैं। इस अवसर पर रसोइया बहनों सुमित्रा एवं संगीता यादव उपस्थित रहे। नयंश यादव के जन्मदिवस पर शाला परिवार ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

# नशे में आरक्षक ने प्रधान आरक्षक से की मारपीट एसपी ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव



नशे की हालत में आरक्षक ने वाहन चालक से मारपीट की। जिसकी शिकायत पर जब उसे जिला चिकित्सालय मुलाहिजा के लिए ले जाया गया, तब आरक्षक ने प्रधान आरक्षक से दुर्व्यवहार करते बेल्ट से मारपीट भी किया। इस मामले को गंभीरता से लेते पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक को निलंबित कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरक्षक क्रमांक 107 महेन्द्र साहू की ड्यूटी 29 जून की रात्रि 9 से सुबह 9 बजे तक डायल 112 में चालक प्रवीण कुमार साहू के साथ लगाई गई थी। ड्यूटी के दौरान शराब सेवन किए हालत में बिना वर्दी के महेन्द्र साहू ड्यूटी में उपस्थित होकर चालक प्रवीण कुमार साहू को निर्धारित पाईंट छोड़कर पाटेकोहरा चलने हेतु कहने पर चालक द्वारा मना किया गया। जिससे आरक्षक द्वारा चालक से मारपीट व दुर्व्यवहार किया गया। चालक प्रवीण द्वारा इस संबंध में शिकायत लालबाग थाना में करने पर रात्रि अधिकारी प्रधान आरक्षक प्रभात तिवारी, आरक्षक महेन्द्र साहू को शराब सेवन संबंधी मुलाहिजा हेतु स्टाफ के साथ जिला चिकित्सालय ले जाया गया था।

# विधायक ने पौधा लगा दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत कंतेली में "एक पेड़ मां के नाम अभियान पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक साहू ने अमरूद का पौधा रोपित कर हरियाली को अपनाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा,मां और प्रकृति का रिश्ता बेहद आत्मिक होता है — मां जीवन देती है, और पेड़ स्वच्छ हवा, फल और छाया देकर हमारे जीवन को सुरक्षित बनाते हैं। यह अभियान बच्चों के भविष्य को सुरक्षित, हरा-भरा और स्वास्थ्यप्रद बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है।"विधायक दीपेश साहू ने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि जल संरक्षण और पर्यावरणीय चेतना को जन आंदोलन में बदलने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने ग्रामीणजनों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें और अधिक से अधिक पौधारोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच महावीर वर्मा, रेवा राम निषाद, धर्मेंद्र साहू, उप-सरपंच नीलू का, चम्पेश्वर वर्मा, परस वैष्णव, कंतेली सोसायटी अध्यक्ष भागीरथी साहू, टोप सिंह वर्मा, ओम नारायण वर्मा, यशवंत वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, दुर्गेश चौहान, अर्जुन साहू, रत्नु सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मिशन की समीक्षा बैठक में कार्यों की गुणवत्ता और समय सीमा पर कलेक्टर सख्त

# जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में अपूर्ण कार्यों को समय पर पूरा करने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के उद्देश्य से संचालित जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा हेतु जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित दिशा सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर रणबीर शर्मा ने की। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जगदीश प्रसाद गौड़, उपसंचालक जनसम्पर्क शशिरत्न पाराशर, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता चन्द्रशेखर शिवहरे, एसडीओ पीएचई संतोष नायक, पीएचई विभाग के ब्लॉक अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, ठेकेदार एवं अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कार्यों की अद्यतन स्थिति, निविदा प्रक्रिया, निर्माण की प्रगति एवं लक्ष्य की पूर्ति की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। कलेक्टर ने समय-सीमा से पीछे चल रहे निर्माण कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आगामी बैठक तक सभी अपूर्ण कार्यों को हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने 9 माह से अधिक विलंब करने वाली निर्माण एजेंसियों पर कड़ी कार्यवाही करने के संकेत दिए। कहा सतत निगरानी रखी जाए ।

### कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी

कार्यालय कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन जगदीश प्रसाद गौड़ ने अवगत कराया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले की ग्राम पंचायतों में घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मिशन के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की निविदा प्रक्रिया, सामग्री आपूर्ति एवं कार्य प्रगति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही, लापरवाही या गुणवत्ता में कमी न हो। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण जनता की बुनियादी ज़रूरतों से जुड़ी है, अतः कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण हो। बैठक में सभी अधिकारियों को पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने की समझाइश दी गई। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन राज्य और केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है, अतः इसके कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी।

